भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-3591
उत्तर देने की तारीख-10/08/2026

बहराइच में कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना

3591. **डॉ. आनन्द कुमार गोंड:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने केंद्रीय बजट 2026-27 में की गई घोषणा के अनुसार एनीमेशन, विज़ुअल इफेक्ट्स, गेमिंग एवं कॉमिक्स (एवीजीसी) कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित करने हेतु विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है;
(ख) यदि हाँ, तो क्या आकांक्षी एवं सीमावर्ती जिला बहराइच में ऐसी किसी लैब की स्थापना का प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार बहराइच को आकांक्षी जिले का दर्जा प्राप्त होने के कारण उक्त योजना के अंतर्गत प्राथमिकता देने पर विचार कर रही है, ताकि स्थानीय युवाओं को डिजिटल कौशल, कंटेंट बनाने तथा एवीजीसी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें; और
(घ) यदि हाँ, तो इसके कार्यान्वयन की संभावित समय-सीमा तथा इस संबंध में आवंटित वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (घ): भारत सरकार ने केंद्रीय बजट वर्ष 2026-27 में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज़ (आईआईसीटी), मुंबई को 15,000 माध्यमिक स्कूलों और 500 कॉलेजों में एनिमेशन, विज़ुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) कंटेंट क्रिएटर लैब्स (सीसीएलएस) स्थापित करने में सहायता करने का प्रस्ताव दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज़ (आईआईसीटी) को कंटेंट क्रिएटर लैब पहल को कार्यान्वित करने के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नामोदिष्ट किया गया है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा सरकार और एनिमेशन, विज़ुअल इफ़ेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक हितधारक परामर्श के आधार पर आईआईसीटी के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 में कंटेंट क्रिएटर लैब्स (सीसीएल) की एक प्रायोगिक परियोजना कार्यान्वित करने की योजना बनाई गई है। तदनुसार शैक्षिक संस्थानों के चयन की कार्य-रीति विनिर्दिष्ट की जाएगी।

*****